तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 19 फरवरी 2025

14 सिलाई, इलेक्ट्रीशियन व मोटर ड्राइविंग...



14 नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद शपथ ग्रहण से...





**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
(कार्यस्थलः-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पताः-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269

**चुनाव : जनपद पंचायत कांकेर में भी भाजपा के बन सकते हैं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष**

# प्रथम चरण के चुनाव में 6 जिला पंचायत में भाजपा और कांग्रेस का 3-3 पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के तहत 6 जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव हुआ, जिसमें 3 पर भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी की जीत हासिल हुई है, वहीं चर्चा यह है कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 और जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 पर भाजपा के जिम्मेदारों ने सही ढंग से काम नहीं किया, उसी का परिणाम रहा कि यहाँ पर हार का सामना करना पड़ा। पंचायत चुनाव दोपहर 2 बजे समाप्त होने के बाद मतदान दल सुबह 4 बजे तक वापिस आते रहे।

जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र कांकेर के 04 जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा को केवल एक में बढ़त मिली, वहीं 02 में नुकसान उठाना पड़ा। सरकार की महतारी वंदन योजना और किसानों को 3100 में धान खरीदी किए जाने के बाद विधानसभा क्षेत्र भाजपा के लिए आज भी गड्ढा बना हुआ है। क्षेत्र क्रमांक 01 से भाजपा संगठन ने पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले का नाम अधिकृत किया था। पार्टी के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए पूर्व विधायक चुनाव लड़ी, परंतु ऐसी जनचर्चा है कि पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने उनका साथ नहीं दिया और उनको हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह की परिस्थितियाएं क्षेत्र क्रमांक 02 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी अनुसुईया सोनवानी गायत्री परिवार से जुड़ी थी। उनको भी जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और हार का सामना करना पड़ा। क्षेत्र क्रमांक 03 में भाजपा से जुड़ी अन्नपूर्णा ठाकुर के चुनाव लड़ जाने से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ा। क्षेत्र क्रमांक 01 वर्चस्व की लड़ाई के चलते भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के पदाधिकारी जिस बूथ में निवास करते है, वहाँ की वोटिंग का रिकार्ड निकालने पर स्पष्ट हो जाएगा कि किस तरह का खेल हुआ है।

**खास बातें**

- जनपद पंचायत नरहरपुर और चारामा में भाजपा के बन सकते हैं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष
- हार-जीत के कारणों की समीक्षा करने में जुटे भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी


तारा ठाकुर


तिजेश्वरी सिन्हा


किरण नरेटी


मृदुला भास्कर


सुलोचना मेश्राम


सावित्री संजना वट्टी

## जिला पंचायत का परिणाम

एजेंटों से मिली जानकारी के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से मृदुला भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 02 से सुलोचना मेश्राम, क्षेत्र क्रमांक 03 से सावित्री संजना वट्टी, क्षेत्र क्रमांक 04 से तारा ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 05 से तिजेश्वरी गब्बर सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 06 से किरण नरेटी ने जीत हासिल किया है। अधिकृत परिणाम की घोषणा रिटनिंग अधिकारी सारणीयन के बाद करेंगे, यह घोषणा अंत में मान्य होगी।

## जनपद पंचायत कांकेर का परिणाम

जनपद पंचायत कांकेर के सदस्यों के एजेंटो के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 01 से ओमेश कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक 02 से सरस्वती केमरो, क्षेत्र क्रमांक 03 से पंचूराम नायक, क्षेत्र क्रमांक 04 से मिथिलेश कुमार मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 05 से गंगाबाई शोरी, क्षेत्र क्रमांक 06 से रोमनाथ जैन, क्षेत्र क्रमांक 07 से अहिल्या गौतम जैन, क्षेत्र क्रमांक 08 से लखन मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 09 से हिमेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 10 से तारूणी रूपेश्वर ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 11 से अशोक कुमार कचलाम, क्षेत्र क्रमांक 12 से नितेश कुमार सलाम, क्षेत्र क्रमांक 13 से हेमलता जीत कवाची, क्षेत्र क्रमांक 14 से गिता रमेश गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 15 से पूर्णिमा ईश्वर कावड़े और क्षेत्र क्रमांक 16 से राजेश्वरी नेताम ने जीत हासिल किया है।

## जनपद पंचायत नरहरपुर का परिणाम

जनपद पंचायत नरहरपुर के सदस्यों के एजेंटों के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 01 से यमुना देवी सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 02 से भोपेश नेताम, क्षेत्र क्रमांक 03 से मोनिका नेताम, क्षेत्र क्रमांक 04 से वेदवती सुकचंद्र शोरी, क्षेत्र क्रमांक 05 से रीना नेताम, क्षेत्र क्रमांक 06 से कांति पटेल, क्षेत्र क्रमांक 07 से शिल्पा साहू, क्षेत्र क्रमांक 08 से चंद्रभान नेताम, क्षेत्र क्रमांक 09 से सोमन सिंह कावड़े, क्षेत्र क्रमांक 10 से पुष्पा ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 11 से भाऊराम भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 12 से संजू गोपाल साहू, क्षेत्र क्रमांक 13 से मीना बंटी राय, क्षेत्र क्रमांक 14 से अमरीका नेताम, क्षेत्र क्रमांक 15 से चिंतामणि रामटेके, क्षेत्र क्रमांक 16 से सोहेन्द्र कुंजाम, क्षेत्र क्रमांक 17 से केथन्तीन शोरी, क्षेत्र क्रमांक 18 से संगीता शोरी और क्षेत्र क्रमांक 19 से पवन कुमार नेताम ने जीत हासिल किया है।

## जनपद पंचायत चारामा का परिणाम

जनपद पंचायत नरहरपुर के सदस्यों के एजेंटो के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 01 से अमिता बंजारे, क्षेत्र क्रमांक 02 से तन्नु हिरवेंद्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 03 से संतोषी सिंहा, क्षेत्र क्रमांक 04 से रेणुका परमेश सिंहा, क्षेत्र क्रमांक 05 से देवबत्ती मरकाम, क्षेत्र क्रमांक 06 से रमशीला मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 07 से अब्दुल नीलू सत्ता, क्षेत्र क्रमांक 08 से बिसमत नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 09 से ठाकुर राम कश्यप, क्षेत्र क्रमांक 10 से लोखनी सत्कार पटेल, क्षेत्र क्रमांक 11 से गरिमा रावटे, क्षेत्र क्रमांक 12 से परसादी नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 13 से अनमोल मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 14 से बिराज बाई गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 15 से जागेश्वरी भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 16 से समीर कुरैशी और क्षेत्र क्रमांक 17 से चिंता राम साहू ने जीत हासिल किया है।


## स्कूल वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हालत गंभीर, ड्राइवर के खिलाफ अपराध दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोयलीबेड़ा थानांतर्गत बोदेली चौक के पास स्कूल वाहन की टक्कर से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को दुर्गुकोंदल के अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे बोदेली निवासी 33 वर्षीय सुरेश कुमार तुलावी पिता डोमार राम तुलावी ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को सुबह साढ़े 8 बजें हानपतरी के किराना दुकान में समान खरीदने गया था, तभी हानपतरी के अशोक नरेटी ने मुझे बताया की बोदेली चौक मेन रोड़ के पास ग्राम बोदेली के मनीराम तुलावी के मोटर सायकल और स्कूल वेन क्रुजर का एक्सीडेंट हो गया है। जानकारी मिलने पर तत्काल बोदेली चौक पहुंचा तो देखा एक पीले रंग का क्रुजर स्कूल वाहन क्रमांक सीजी 19 एफ 0265 के सामने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एच 3812 क्षतिग्रस्त हालत में वाहन के सामने बम्फर में मनीराम तुलावी दबा हुआ था। घायल को दुर्गुकोंदल के अस्पताल में लेकर गया। मनीराम तुलावी के बांए पैर, बांए हाथ में चोट लगा था, खून निकल रहा था। राकेश तुलावी को घटना के बारे में पूछने पर बताया कि मनीराम तुलावी अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एच 3812 गांव बोदेली से भण्डारड़गिी की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा हानपतरी से दुर्गूकोंदल की ओर जा रहे स्कूल वेन क्रुजर वाहन क्रमांक सीजी 19 एफ 0265 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाकर साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मनीराम तुलावी घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**खबर संक्षेप**



### दो महिला के कब्जे से देशी व महुआ शराब बरामद

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने दो अलग-अलग जगह छापामार कार्रवाई करते हुए दो लोगों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। भानुप्रतापपुर पुलिस ने 17 फरवरी को शाम साढ़े 7 बजे छापामार कार्वाई करते हुए आरोपी कच्चे निवासी 24 वर्षीय सुमन गावड़े को पकड़ा। जिसके कब्जे से 17 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 530 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वही कर्मचारी कॉलोनी निपासी 55 वर्षीय अमरिका भास्कर के कब्जे से 16 फरवरी कि रात साढ़े 8 बजे 4 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 400 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### ग्रापं चिहरो का दो दिवसीय वार्षिक मेला लगेगा 21 से

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत चिहरो का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 21 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। वार्षिक देव मेला के बाद रात्रि में लोककला मंच नवरंग नाचा पार्टी मावलीभाट नयापारा उड़ीसा की प्रस्तुति किया जाएगा। मेला में आसपास के गांव चिहरो, राऊरवाही, आमाकडा, महेंद्रपुर, सटेली, कोटपारा, गुलालबोडी के देवी-देवता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# पुसवाड़ा में मतगणना के दौरान मचा बवाल, पुलिस पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- एएसपी के वाहन का कांच टूटा



पुसवाड़ा में मतगणना के दौरान बिजली जाने के बाद परिणाम में हेराफेरी का आरोप लगाकर पुनर्मतगणना की माँग सरपंच पद के प्रत्याशी रूखमणी कोसम के सर्मथक करने लगे। सर्मथकों ने मतदान दल को बंधक बना लिया। खबर मिलते ही पुलिस और नायब तहसीलदार पहुँचे। सर्मथकों ने पुलिस के वाहन के सामने लेट गए, इस पर पुलिस ने उनको जबरजस्ती हटाया। पुलिस भीड़ को हटाने के बाद निकली, परंतु सर्मथकों नें पुलिस वाहनों पर पत्थरबाजी कर दिया। पत्थरबाजी होने से एएसपी एवं डीएसपी के वाहन के शीशे के कांच टूट गए। डीएसपी के वाहन में हुए पत्थरबाजी के कारण पत्थर वाहन के अंदर तक घुस गया। वही हमले में एएसपी के वाहन का शीशा टूट गया। जानकारी के अनुसार पुसवाड़ा में सरपंच पद के दो प्रत्याशी ▶▶| शेष पेज 12 पर

**2020 में पंचायत चुनाव में तीन चरणों में 75 प्रतिशत हुआ था मतदान**

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में तीन ब्लाक में 81.47 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण का मतदान जिले के कांकेर, चारामा एवं नरहरपुर जनपद पंचायतों में कुल 81.47 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

2020 के पंचायत चुनाव भी तीन चरणों में हुआ था और प्रथम चरण में केवल 75 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार साढ़े 6 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। तीनों विकासखण्डों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत प्रथम चरण में तीन विकासखंड कांकेर, नरहरपुर और चारामा में होने वाले मतदान में कुल 237229 मतदाताओं में से 193282 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इनमें 92931 पुरूष और 100351 महिला मतदाता शामिल थे। इस प्रकार पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की भागीदारी अधिक रही।



**दो चरणों में अभी और होगा मतदान**

### कांकेर में 83.25 प्रतिशत हुआ मतदान

कांकेर विकासखंड में 83.25 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 83.40 प्रतिशत महिला और 83.08 प्रतिशत पुरूष मतदाता ने मतदान किया। इस विकासखंड में 76025 मतदाताओं में से 63290 मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदाता 39798 में से 33192 ने मतदान किया, जबकि 36226 पुरूष मतदाता में से 30098 ने मतदान किया।

### नरहरपुर में 79.90 प्रतिशत हुआ मतदान

नरहरपुर विकासखंड में 79.90 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 78.69 प्रतिशत महिला और 81.22 प्रतिशत पुरूष मतदाता ने मतदान किया। इस विकासखंड में 83621 मतदाताओं में से 66814 मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदाता 43749 में से 34428 ने मतदान किया, जबकि 39872 पुरूष मतदाता में से 32386 ने मतदान किया।

### चारामा में 81.42 प्रतिशत हुआ मतदान

चारामा विकासखंड में 81.42 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 82.09प्रतिशत महिला और 80.74 प्रतिशत पुरूष मतदाता ने मतदान किया। इस विकासखंड में 77583 मतदाताओं में से 63178 मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदाता 39874 में से 32731 ने मतदान किया, जबकि 37709 पुरूष मतदाता में से 30447 ने मतदान किया।

**पाठक सूचना**
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969



Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
9659 455 455
Google Play | App Store

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)


**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप

### पूर्व उप मुख्यमंत्री का बस्तर प्रवास आज



जगदलपुर। छग के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बस्तर प्रवास पर बुधवार को जगदलपुर पहुंचेंगे। वे बस्तर महाराजा कमल चन्द्र भजंदेव के विवाह समारोह में सम्मलित होंगे। इस दौरान वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सिंहदेव बुधवार को पूर्वान्ह साढ़े 10 बजे बिलासपुर से फ्लाइट से उड़ान भर सुबह साढ़े 11 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे।

### नन्हा प्रशंसक गुलदस्ता लेकर पहुंचा महापौर के घर



जगदलपुर। नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डे के घर लोगों का पहुंचना जारी है आज एक नन्हा प्रशंसक 'दक्ष' गुलदस्ता लेकर बधाई देने उनके निवास पहुंचा। महापौर ने बच्चे के उत्साह को देखते हुए उसका मुंह मीठा कराकर पढ़ लिखकर योग्य बनने की शुभकामनाएं दी।

### संघ के पदाधिकारियों में हो रहा विवाद

जगदलपुर। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों में विवाद हो रहा है। इसमें प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री (नेत्र प्रकोष्ठ) कन्नूर हनुमंत राव, सदस्य श्रीमती रीमा दानी एवं स्टॉफ नर्स श्रीमती स्मृता कच्छ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रातांध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने महारानी अस्पताल में पदस्थ डॉ. श्रेयांस वर्धन जैन को नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी के पद से हटाने की मांग की गई है। जिसका निंदा करते हुए बताया कि यह कर्मचारी के हित या अहित से जुड़ा मुद्दा नहीं है। वहीं दूसरी ओर उप प्रातांध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने कहा कि 10 जनवरी को ही संघ विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने के चलते कन्नूर हनुमंत राव एवं स्मृता कच्छ को संघ की प्राथमिकता सदस्यता से निष्कासित किया गया है।

# जिला पंचायत की दोनों सीट पर भाजपा को मिली हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





पंचायत चुनाव के पहले चरण में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। जिला पंचायत के दोनों सीट में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा है। क्रमांक 1 से बिंदू हरि साहू तथा क्रमांक 2 से नीलिमा टीव्ही रवि चुनाव जीते हैं। बिंदू हरि साहू ने भाजपा से टिकट मांगी थी लेकिन उन्हें नहीं मिली। जबकि हरि साहू विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय नेता हैं। क्रमांक 2 में कांग्रेस नेता टीव्ही रवि की पत्नी नीलिमा चुनाव जीती है। उन्हें 15089 वोट मिले जबकि भाजपा की मालती गोयल को 10938 मत प्राप्त हुआ। तीसरी प्रत्याशी रायमती सोनसाय भाजपा की बागी प्रत्याशी थी जिसे 8624 वोट मिले। कुल 37332 मतदान में 2681 वोट निरस्त हुए। इस तरह नीलिमा टीव्ही रवि 4151 वोट से चुनाव जीत गई है। वहीं जनपद सदस्य के चुनााव में भाजपा नेता पदलाम नाग, अर्जुन सेठिया, आश्रिती राजेश शर्मा ने चुनाव जीता है। कांग्रेस से दीपक बैज की बहन अनिता सेठिया भी चुनाव जीत गई है। पिछले कार्यकाल में वह जनपद अध्यक्ष रही। जनपद सदस्य के परिणाम आने के बाद अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनने के लिए जोड़ तोड़ शुरू हो गई है।



### पदलाम फिर बन सकते हैं अध्यक्ष

भाजपा के वरिष्ठ नेता पदलाम नाग के जीत के साथ ही उनके अध्यक्ष बनने की चर्चा शुरू हो गई है। वे पूर्व में लगातार जनपद सदस्य बनने के बाद दो बार जनपद अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष चुनाव हार गए हैं। इसलिए भाजपा नेता अर्जुन सेठिया के उपाध्यक्ष बनने की संभावना बढ़ गई है।

## एक-दूसरे को शुभकामनाएं...



जगदलपुर। नगर निगम में गुरू गोविंद सिंह वार्ड से पार्षद बने संग्राम सिंह राणा मंगलवार को पत्नी के साथ महाराजा कमलचंद्र भंजदेव को विवाह की बधाई देने राजमहल पहुंचे। महाराजा ने बधाई स्वीकार करते हुए संग्राम को पार्षद बनने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संग्राम सिंह राणा ने कहा कि मुझे हराने में पार्टी के ही लोगों की भूमिका रही लेकिन वार्ड की जनता की मैने पूर्व में पार्षद रहते हुए जो सेवा की है उसके कारण मुझे जीत हासिह हुई। इस वार्ड से संग्राम मात्र 25 वोट से चुनाव जीतकर पार्षद बन गए हैं।

# राष्ट्रीय उद्यान के अग्नि सुरक्षा कार्यशाला में जीरो फायर का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशालाएं हॉल ही में कोटोंसर रेंज और कोलेंग परिक्षेत्र में संपन्न हुईं, जिसमें वन अग्नि की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह, सहायक संचालक कमल नारायण तिवारी, रेंजर विंसेंट जेकब, कोलेंग रेंजर मनहर सिंह बघेल सहित फायर वॉचर, मैदानी कर्मचारी, उड़न दस्ता टीम और मैना मित्र पेट्रोलिंग गार्ड शामिल रहे। फायर सीजन के दौरान होने वाली चुनौतियों की पहचान कर उनके समाधान पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने आग लगने के संभावित कारणों और उसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। वन विभाग ने समय पर सतर्कता, सामुदायिक भागीदारी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को आवश्यक बताया। कार्यशाला में जीरो फायर का संकल्प लिया गया, जिसके तहत सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने जंगलों को आग से मुक्त रखने का प्रण किया।



**खास बातें**

- फायर सीजन के दौरान होने वाली चुनौतियों की पहचान कर समाधान पर की चर्चा
- समय पर सतर्कता सामुदायिक भागीदारी व आधुनिक तकनीकों का करें उपयोग

### वन्यजीव संरक्षण की दिशा में मजबूत कदम

वन विभाग ने आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी फील्ड स्टाफ और वन संरक्षण दलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि वन विभाग, फायर वॉचर, ग्रामीण समुदाय और मैदानी कर्मचारी मिलकर जंगलों को आग से बचाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। यह पहल कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीवों और वनस्पतियों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करेगी तथा पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में सहायक होगी।

### टोल-फ्री नंबर पर सूचना दें

उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने स्थानीय ग्रामवासियों से कहा कि यदि वे कहीं भी जंगल में आग लगते देखें तो तुरंत टोल-फ्री नंबर पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी जागरूकता से वन्यजीवों एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।

# डॉक्टर ने कहा- बिना पर्ची के नहीं करेंगे उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/परचनपाल



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में उपचार कराने के लिए मरीजों को पर्ची नहीं होने से एक घंटे तक खड़ा रहना पड़ा, वहीं डॉक्टर ने कहा कि बिना पर्ची के उपचार नहीं करेंगे। इसके चलते मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा, पर बीएमओ का ध्यान नहीं है। सोमवार को सुबह बस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दर्जन भर मरीज इलाज कराने पहुंचे थे, उस समय डॉक्टर बैठे रहे पर पर्ची बनाने वाले कर्मचारी नहीं पहुंचे। मरीजों ने बताया कि पर्ची बनाने वाले कर्मचारी हमेशा एक से डेढ़ घंटे बाद पहुंचते है, जिसके चलते मरीजों भारी परेशानियों सामना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर ओपीडी का समय सुबह 9 बजे खुलने का है पर समय में नहीं खुल रहा है। नगर पंचायत बस्तर के वार्ड नंबर 12 के पार्षद अंकित पारख ने भी केन्द्र का निरीक्षण किया, उस समय ओपीडी में ताला लगा हुआ था, जिससे नाराजगी दिखाई।

- पर्ची नहीं होने से एक घंटे तक परेशान रहे मरीज

### बीएमओ को दिए निर्देश

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने इस संबंध में कहा कि बस्तर के खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि समय पर मरीजों का उपचार करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम-उषा मेरू कम्पोनेंट एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



आईआईसी गतिविधि के तहत शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मंगलवार को बौद्धिक संपदा संरक्षण विषय पर एक दिवसीय मेंटरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

हाउ टू प्रोटेक्ट इंटेलेक्टुअल प्रोपर्टी विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. अमित दुबे ने नवाचार में बौद्धिक संपदा अधिकार(आईपीआर) के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. दुबे ने नवाचार के विभिन्न चरणों की जानकारी के साथ संबंधित प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इनोवेशन में ज्ञान, किएटिविटी, इनपुट, आइडिया, कान्सेप्ट जैसे तत्वों पर विशेष ध्यान देना होता है। डॉ दुबे ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, इंडस्ट्रियल डिजाइन, जियोग्राफिकल इंडिकेशन के साथ इनोवेशन को आईपीआर के माध्यम से सुरक्षित करने की प्रक्रिया बताई। देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेंटेंट फाइल करने के नियमों की जानकारी दी। डॉ. दुबे ने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं औद्योगिक परिषद् के विभिन्न कार्यक्रमों एवं वित्तीय सहायता के नियम भी बताए। प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए परिषद से जुड़ने की जानकारी दी। इससे पहले कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट में देश के जीडीपी का मात्र 0.7 प्रतिशत ही खर्च किया जा रहा है। इसी कारण देश में प्रति दस लाख में लगभग 252 विशेषज्ञ ही रिसर्च व नवाचार(इनोवेशन) से जुड़े हैं जबकि डेनमार्क जैसे देश में इतने में ही आठ हजार रिसर्चर जुड़े हैं। पेटेंट के मामले में देश विश्व में छठवें स्थान पर है। वहीं इनोवेशन मामले में भारत 2015 में 81वें स्थान पर था जो 2024 में 39वें स्थान पर आकर उल्लेखनीय सुधार किया है। पेटेंट के मामले में छत्तीसगढ़ का स्थान देश में बहुत नीचे हैं पर इससे हतोत्साहित न होते हुए सुधार करने की जरूरत है। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि आईआईसी के क्वार्टर टू एक्टिविटी के तहत विवि में 28 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

आयोजन में आईआईसी के विश्वविद्यालयीन इकाई के अध्यक्ष डॉ. सजीवन कुमार व डॉ नीरज वर्मा, डॉ. तुलिका शर्मा, डॉ रश्मि देवांगन, डॉ. सुषमा सिंह, देवेंद्र यादव का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी भी ऑनलाईन जुड़े।

# शहरी भूमि रिकॉर्ड डिजिटाइज और जीआईएस मैप किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्यप्रदेश के रायसेन में नेशनल सिटी सर्वे प्रोजेक्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। शहरी भूमि की सही पहचान के लिए नक्शा एक वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से पूरे देश के 26 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेश के 35 वर्ग किलोमीटर से कम क्षेत्रफल एवं 2 लाख से कम आबादी वाले 152 शहरों में उक्त सर्वेक्षण किया जाएगा। इस पायलट प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य व्यापक डिजिटल भूमि रिकॉर्ड सुनिश्चित करना है, जिससे शहरी भूमि रिकॉर्ड पूरी तरह से डिजिटाइज़ और जीआईएस मैप किए जाएंगे, जिससे सुलभ और पारदर्शी डेटा सुनिश्चित होगा। यह आपदा प्रबंधन, पर्यावरण योजना और स्मार्ट सिटी विकास में उपयोगी होगा। भूमि विवादों में कमी और कानूनी स्पष्टताःके जरिए स्पष्ट और अद्यतन स्वामित्व रिकॉर्ड से विवाद कम होंगे, कानूनी प्रक्रियाएं तेज़ होंगी और संपत्ति अधिकार मजबूत होंगे। अदालती मामलों, कानूनी दस्तावेजीकरण और ऐतिहासिक भूमि डेटा विश्लेषण में सहायता मिलेगी। वहीं त्वरित और अधिक प्रभावी शहरी योजना बनाने में मदद मिलेगी। सटीक भूमि डेटा से बेहतर जोनिंग, बुनियादी ढांचे के विकास और शहरी विस्तार में न्यूनतम अवधि लगेगी। परिवहन योजना, आवासीय परियोजनाओं और सतत शहरी विकास में सहायता मिलेगी। आपदा प्रबंधन योजना को अधिक प्रभावी बनाएगा।

प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और शहरी निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। केंद्रीकृत डिजिटल कर प्रशासन प्रणाली से शहरी स्थानीय निकायों का राजस्व संग्रह बेहतर होगा और रियल एस्टेट वैल्यूएशन, नगरपालिका वित्त योजना और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार में सहायक होगा। संपत्ति लेनदेन और ऋण प्राप्ति को सरल बनाने के लिए प्रमाणित भूमि रिकॉर्ड से खरीद, बिक्री और पट्टे की प्रक्रिया तेज़, सुरक्षित और धोखाधड़ी मुक्त होगी, जिससे ऋण स्वीकृति आसान होगी। बैंकिंग, बंधक स्वीकृति और भूमि-आधारित निवेशों के लिए उपयोगी होगा।

## नक्शा एक वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट का वर्चुअल शुभारंभ

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन में लाइव प्रसारण

शहरी भूमि की सही पहचान के लिए नक्शा एक वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने देखा। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में पहले चरण में ड्रोन से यह सर्वेक्षण 16 मार्च से शुरू होगी। जिसमें धमतरी, अम्बिकापुर और जगदलपुर सम्मिलित हैं। इस डिजिटल सर्वेक्षण के माध्यम से अद्यतन नक्शा तैयार होने तथा अद्यतन भूमि रिकॉर्ड के फलस्वरूप जगदलपुर शहर के सुनियोजित विकास को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर सकेंगे।





### योजनाबद्ध विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी

इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे ने कहा कि भारत सरकार की यह पहल शहरों के योजनाबद्ध विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। डिजिटल सर्वेक्षण के जरिए तैयार नक्शा एवं डेटा से शहरी भूमि प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ शहर के व्यवस्थित विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में सभी लोगों की सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित पार्षदगण और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल, एसडीएम भरत कौशिक तथा अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जादू टोना के शक में हत्या के 2 आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



2 साल पहले 5 जुलाई 2023 को प्रार्थी बोटी कवासी उम्र 52 वर्ष ग्राम गुडसे ने थाना कटेकल्याण में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 4 जुलाई को रात्रि 7 बजे आरोपी मासा मरकाम एवं गंगा कवासी के द्वारा जादू टोना के शक में छोटे भाई सुक्को कवासी 48 वर्ष को करकापारा गुडसे में टंगिया एवं धारदार कटरी से गला रेतकर हत्या किया गया।

प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कटेकल्याण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं तत्कालीन एसडीओपी राहुल उईके के मार्गदर्शन में घटना स्थल ग्राम गुडसे पहुंचकर मृतक सुक्को कवासी के शव का पंचनामा कर घटनास्थल करकापारा पहुंचकर खून अलूदा मिट्टी, सादी मिट्टी एवं टूटा हुआ लकड़ी का बेठ जप्त किया गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी मासा मरकाम से घटना में प्रयुक्त टंगिया, धारदार कटरी तथा आरोपी गंगा कवासी के घटना के समय पहने कपड़े तथा अन्य साक्ष्य जप्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जो जिला जेल दंतेवाड़ा में निरुद्ध है।

# नियमित योगाभ्यास से हुई पुत्ररत्न की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



पंतजलि योग समिति द्वारा योग शिविर मे योग के साथ-साथ बीपी, सुगर, वजन व अन्य जांच कराया जा रहा है। जिसमे नियमित योग करने वाले महिला-पुरुष, युवक-युवतियों को योग से विभिन्न बीमारियों से मिलने वाले लाभ को अन्य योग साधको को साझा किया। मंगलवार को अलग-अलग योग शिविर में नियमित योग से जुड़े लोगों ने अपना अनुभव बताया। वर्षो से योग कर रही लक्ष्मी मण्डल ने कहा विवाह के कुछ वर्ष तक संतान सुख से वंचित थी और तनाव और त्वचा रोग पेट गैस से परेशान थी, बहुत एलोपैथिक उपचार कराया, कोई लाभ नहीं हुआ। फिर 2013 में योग से जुड़ी उसके बाद 28 जून 214 को मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। इसका पूरा श्रेय मैं स्वामी रामदेव के योग को देती हूं आज मैं योग शिक्षक बन औरों को योग कराती हूँ।

- विवाह के अनेक वर्षों से संतान सुख से वंचित रही लक्ष्मी

इस तरह नियमित योग से निःसंतान को सन्तान सुख, बेरोजगार को मिला रोजगार, बीपी, सुगर, गठिया, मोटापा सहित अनेक बीमारियों में लाभ मिला। नगर वासियों को पिछले 4 दिनों से योग प्रशिक्षण के साथ साथ निःशुल्क बीपी, शुगर, वजन लेकर स्वास्थ आकलन किया जा रहा है। ईशानी साहू धरमपुरा की योग साधिका ने बताया योग करने से पहले मेरा वजन 105 किलो था योग से जुड़ी ओर योग का अभ्यास करते करते मेरा वजन आज 71 किलो हैं। योग साधिका बिजली वैद्य ने कहा उन्हें मधुमेह बीमारी था, मेडिकल रिपोर्ट में शुगर का लेवल 285 था। सितंबर माह में सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और 3 दिन में मेरा शुगर टेस्ट का रिजल्ट अदभुत निकला 148 में आ गया मै बहुत खुश हूं।

### इन्होंने भी अपना अनुभव साझा किया

अरुण त्रिपाठी जो दुर्गा मंदिर परिसर में सह योग शिक्षक है, उन्होंने बताया 5 सालों से घुटने के दर्द से बहुत परेशान थे, अभी एज साल में योग से जुड़ने के बाद अब पूरी तरह से दर्द से राहत है। इसी तरह सह योग शिक्षक रविन्द्र हेमनानी ने कहा योग से जुड़ने से मुझे गजब का फायदा हुआ है मेरा बीपी हाइ था योग प्राणायाम से अब पूरा नॉर्मल है,आज योग सेवक बन औरों को इस योग अनुष्ठान से जोड़ता हूँ। राधेश्याम सिंग जो इलेक्ट्रिकल मिस्त्री है। उनका कहना था कि,उनका लंबे समय से हाथ कड़ा हो गया,यूरिक एसिड बढ़ कर अंगुली हाथ मुड़ना बंद हो गया,बेरोज़गार हो गया। एक माह योग करने से पुनः हाथ से काम करने लगा। काम कर पा रहा हूँ घर उजड़ने से बच गया,पतंजलि के लोगो का धन्यवाद।

पेज 11 के शेष

### पुसवाड़ा में मतगणना...

रूखमणी कोसम और सावित्री हेमंत कोर्राम की आमने सामने भिड़त थी। मतगणना के दौरान लाइट चली गई। टीम ने स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर मतगणना किया और एजेंटों को गणना पत्रक दिया। उसके अनुसार सावित्री हेमंत कोर्राम को अधिक वोट मिलना बताया। इसकी खबर मतगणना केंद्र से बाहर आते ही रूखमणी कोसम के सर्मथक भड़क गए। पुनर्मतगणना की माँग करते हुए मतदान दल को बंधक बना दिया। गेट पर ताला लगाकर सर्मथकों ने चाबी अपने पास रख लिया। पीठासीन अधिकारी ने माहौल को देखते हुए घटना की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को दिया। सर्मथकों ने एक महिला पुलिस कर्मचारी के साथ विवाद करते हुए मारपीट भी कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुँची और गेट की चाबी की माँग किया, जिसे सरपंच प्रत्याशी रूखमणी कोसम के सर्मथकों के पास से मिली। सर्मथक पुर्नमतगणना की माँग करते रहे, इस पर नायब तहसीलदार ने कहा कि आप लोग 18 फरवरी को तहसील आफिस आ जाए, आप लोगों की बात सुनी जाएगी। हारे हुए सरपंच के सर्मथक नहीं माने और पुलिस व मतदान दल को रोकने के लिए वाहनों के सामने महिलाएं लेट गई। पुलिस ने उतरकर महिलाओं को हटाया और वाहन लेकर जब निकलने लगे, तभी हारे हुए सरपंच के प्रत्याशी पीछे से पुलिस के वाहनों पर पथराव कर दिया। पथराव करने से एएसपी और डीएसपी के वाहनों के कांच टूट गए और कई पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने महिलाओं पर लाठीचार्ज किया है और कई लोगों को चोट आई है। ग्रामीणों ने अब प्रशासन को भारी पड़ता हुआ देख शांत हो गए है और कोई भी कार्रवाई नहीं चाह रहे है।

## खबर संक्षेप

### पंच, सरपंच व जनपद पंचायत सदस्यों का टेबुलेशन आज

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अन्तर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड दन्तेवाड़ा एवं गीदम का मतदान 17 फरवरी को सम्पन्न हुआ। आयोग के समय-अनुसूची अनुसार जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अन्तर्गत पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों का सारणीकरण 19 फरवरी को जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में समय प्रातः 9 बजे से होगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत गीदम के अन्तर्गत पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों का टेबुलेशन कार्य जनपद पंचायत गीदम सभाकक्ष में समय प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्यों का सारणीकरण 20 फरवरी को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से किया जावेगा।

### कांग्रेस के बागी 12 कांग्रेसी 6 साल के लिए निष्कासित

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगम के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाले 12 कांग्रेसियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन शेख जाहिद हुसैन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। जिसमें मनीष गढ़पाले, गौरव तिवारी (राजा), सुखराम नाग, मनोज ठाकुर, ज्ञानेश्वरी जाधव, प्रदीप भारती, अनिमा अधिकारी, ऋषिका डे, गीता नाग, कल्पना मेश्राम, राजा ध्रुव तथा लक्ष्मीनाग शामिल हैं। इनके चुनाव मैदान में होने से कांग्रेस प्रत्याशियों की हार हुई थी।

### राकेश चौधरी 6 साल के लिए निष्कासित

**जगदलपुर।** कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री शेख जाहिद हुसैन ने कहा है कि कारण बताओ नोटिश देने के बाद भी लगातार सोशल मीडिया में पार्टी के शिर्ष नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से लगत बयान बाजी करने पर राकेश चौधरी को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर की गई है। गौरतलब है कि मलकीत सिंह गैदू के महापौर चुनाव लड़ने पर कई लोगों ने बागी बनकर पार्टी को नुकसान पहुंचाया।

### 7 दिनों में स्पष्टीकरण देंगे

**जगदलपुर।** कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री शेख जाहिद हुसैन ने बताया कि कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी के विरूद्ध कार्य करने एवं सोशल प्लेटफार्म में पार्टी के विरूद्ध लिखने के कारण कार्रवाई करते 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जबाव नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। जिनमें साईमा अशरफ, लक्ष्मी राव, अब्राहम बेसरा, मनमोहन यादव तथा मंगलुराम शामिल हैं।

**आयोजन :** तीन दिवस तक भक्ति में रहा माहौल

# संतोषी माता मंदिर का हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



संतोषी माता मंदिर परचनपाल का वार्षिक उत्सव परचनपाल क्षेत्र में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। तीन दिन तक भक्तिमय वातावरण रहा, जिसमें भक्तगणों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस उत्सव को सफल बनाने में मंदिर समिति के प्रमुख पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्ष रवींद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश चावड़ा, सचिव भावेश ताक, सह सचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद पांडे और अन्य समिति सदस्य जैसे महावीर बाफना, चंद्रशेखर तिवारी, नितेश ताक और तारकेश्वर साहू का भी सराहनीय योगदान रहा। साथ ही कई भक्तगणों ने भी उत्सव को सफल बनाने में मदद की।

# प्रमिला सुराना दूसरी बार बनी हारम सरपंच

हरिभूमि न्यूजच ▶▶| गीदम



भाजपा नेत्री प्रमिला सुराना लगातार दूसरी बार गीदम ब्लॉक के हारम पंचायत से सरपंच निर्वाचित हुई। प्रमिला सुराना को 501 मत प्राप्त हुए एवं प्रमिला सुराना ने अपने प्रतिद्वंदी से 268

- क्षेत्र की जनता का बहुत बहुत आभार : सुराना

मतों से विजय प्राप्त की। प्रमिला सुराना ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हारम पंचायत चुनाव में क्षेत्र की जनता का लगातार दूसरी बार आशीर्वाद मिला है, हारम पंचायत का सर्वांगीण विकास, जनजन तक शासकीय योजनाओ और मुलभुत सुविधाओं को उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# सफलतापूर्वक मतदान कराने पर कलेक्टर ने की अधिकारियों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक में नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की समीक्षा करते हुए नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण

- शेष दो चरणों के मतदान एवं मतगणना के लिए दिए आवश्यक मार्गदर्शन

के चुनाव सफलतापूर्वक संचालन कराने सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो कि 20 एवं 23 फरवरी को द्वितीय एवं तृतीय चरण का चुनाव होना है पूर्व के दो चुनाव की भांति शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक चुनाव कार्य सम्पन्न कराने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। बीजापुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र है उनके बावजूद बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के जरिए चुनाव कार्य शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

आगामी दोनो चरणों के चुनाव में अधिकारियों को चुनाव सम्पन्न कराने पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान कर्मियों को मिले दायित्वों को निर्वहन करते हुए सुरक्षा संबंधी मामलों में गंभीरतापूर्वक कार्य करने एवं सुरक्षा मामलों में किसी भी प्रकार का कोताही नहीं बरतने तथा मतगणना अभ्यर्थियों को विश्वास में लेकर निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक करने को कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर मौजूद थे।

# स्कूली बच्चों को दिया परीक्षा बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड




विभा चावड़ा का यह प्रेरणादायक कार्य बच्चों के लिए एक अनमोल धरोहर बन गया है। उनका समर्पण और निरंतर प्रयास बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। प्रतिमाह बच्चों को उनकी मां की याद

- बच्चों को देती है उपहार और कराती है भोजन

में आवश्यक सामग्रियां वितरित करना न केवल बच्चों के लिए मददगार है, बल्कि यह उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित भी करता है।

इस बार एग्जाम बोर्ड वितरित करने का कदम परीक्षा के दौरान बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने का एक बेहतरीन तरीका है। पिछले महीनों में नोटबुक, पेन, रबर जैसी उपयोगी सामग्री का वितरण बच्चों की जरूरतों को समझते हुए किया गया, जिससे उन्हें शैक्षिक सामग्री की कोई कमी नहीं हुई।

श्रीमती चावड़ा का यह कार्य स्कूल और समुदाय के लिए एक आदर्श बन गया है। उनके इस प्रयास से बच्चों में नियमित उपस्थिति और शिक्षा में सक्रियता बढ़ी है। इसके अलावा उनका यह कदम यह भी दिखाता है कि समुदाय और परिवार के समर्थन से कैसे बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

## मुकेश चंद्राकर के नाम पर फैलोशिप...




**जगदलपुर।** पीपल्स आकाईव रूरल इंडिया संस्था के द्वारा हर साल 50 हजार रूपए की फैलोशिप स्व. मुकेश चंद्राकर के नाम पर बस्तर के सर्वश्रेष्ठ रिर्पोटिंग पर एक पत्रकार को दी जाएगी। चेम्बर भवन में मंगलवार को पत्रकारिता एवं चुनौती विषय पर आयोजित परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार पी. साईंनाथ ने यह घोषणा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता के मिशन के मशीन बनने की बात उद्योग घराने की दखल की वजह से होना बताया। इस मौके पर बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेश रावल, राजेन्द्र तिवारी तथा रवि दूबे ने भी अपने विचार रखे। नरेश मिश्रा ने पी.साईंनाथ का परिचय दिया। संचालन संघ के कोषाध्यक्ष सुब्बाराव तथा आभार सचिव धमेन्द्र महापात्र ने माना। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# बीईओ ऑफिस के औचक निरीक्षण में गायब मिले 11 कर्मचारी, दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदलपुर का औचक निरीक्षण किया और अनुपस्थित पाए गए 11 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही के लिए सम्बन्धित स्वतः जिम्मेदार होंगे। डीईओ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदलपुर के अनुपस्थित सहायक ग्रेड-2 शेख समीमुद्दीन, धर्मेन्द्र कश्यप, समीक्षा जैन, सहायक ग्रेड-3 ममता शोरी एवं नितिन साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर पूजा कोरी सहित भृत्य शमनोज बघेल, शांति यादव, सदन बघेल, शंकर राय जंघम एवं राहुल तिवारी को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला उपनपाल, प्राथमिक शाला माड़पाल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़पाल का भी निरीक्षण कर शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए।

# एसपी दफ्तर के सामने यातायात पुलिस ने चलाया हेलमेट लगाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेलमेट लगाओं दुर्घटना से बचो अभियान का मंगलवार को एसपी दफ्तर से शुरू किया गया। इस दौरान दफ्तर आने वाले कर्मचारी जिन्होने हेलमेट नहीं लगाया था तथा बिना नम्बर के वाहनों में दफ्तर पहुंचे थे उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर लगातार सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों की जांच की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने इस अभियान की शुरूआत जगदलपुर के एसपी दफ्तर से करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व कलेक्टोरेट में आने वाले कर्मचारियों के भी वाहनों को जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई थी। गौरतलब है कि शहर व आसपास के क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। हादसों में कमी लाने के लिए अमले द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। डीएसपी ने बताया कि अधिकतर हादसों की वजह तेज रफ्तार गाड़ी व हैलमेट नही लगाना है इसे देखते हुए सभी सरकारी दफ्तरों के अलावा शहर में भी इस तरह का जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के लिए एसपी ने भी आदेश जारी कर दिए है कि जितने भी पुलिस कर्मी है वे नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग करके ही वाहन चलाएंगे साथ ही इस नियम को तोड़ने वाले के खिलाफ कार्यवाही भी किया जाएगा। मंगलवार की सुबह से ही यातायात अमले द्वारा एसपी दफ्तर के सामने से अभियान चलाया गया इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कूलों में छुट्टी के दौरान वाहन चालकों व उनके अभिभावकों समझाईश दी गई कि नाबालिग बच्चों को वाहन न दे तथा जिन बच्चों को वाहन दिया गया है उन्हें नियमित हेलमेट लगाने कहा गया।

## मतदाताओं को प्रलोभित करने ले जा रहे 7 बंडल साड़ी कपड़ा एवं स्कॉर्पियो जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

थाना कटेकल्याण में पंचायत चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई के दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 18 आर 1097 का चालक वाहन में सामान भरकर कटेकल्याण की ओर जा रहा था। जिसे रुकवाकर चेक करने पर वाहन में 7 बंडल साड़ी सहित अन्य कपड़े मिले जिसकी सूचना एफएसटी टीम कटेकल्याण को दी गई।

# लोगों को धमका रहा झारखण्ड का आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित धरमपुरा इलाके में चाकू लेकर लोगों को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी द्वारा धरमपुरा क्षेत्र स्थित सब्जी बाजार के पीछे में आने जाने वाले लोगों व घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। गामले की गंभीरता को देखत हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी अमेश कुमार सिंह 22 वर्ष निवासी ग्राम मोंगर थाना लातेहार झारखण्ड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू भी बरामद किया है। मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि उसके घर के सामने एक व्यक्ति जो नये कन्ट्रक्शन में काम करता है। हमेशा आने जाने वाले लोगों को गाली गलौचकर डराता धमकाते रहता है। मंगलवार को भी आरोपी ने प्रार्थी के घर सामने आकर गाली गलौच कर रहा था जिसे मना करने पर मुझे बोलने वाला तुम कौन होते हो कहते हुये दीवाल बाउण्ड्रीवाल कूदकर आंगन में आकर चाकू दिखाकर डराते धमकाते हुए जान से मार दुंगा कहकर धमकी दिया गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्वाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई कमलेश निर्मलकर, आरक्षक रमेश पोर्ते व विनोद खेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नगर सरकार शहर के सर्वांगीण विकास के लिये संकल्पित रहेगी : पाण्डेय

**जगदलपुर।** नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डेय ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रवार्ता में कहा कि नगर सरकार शहर के सर्वांगीण विकास के लिये सदैव संकल्पित रहेगी। आमजन से जुड़ी छोटी-बड़ी समस्याओं का अविलंब निदान होगा। स्वच्छता को लेकर विशेष प्रयास योजनाबद्ध रूप से किये जायेंगे। अटल संकल्प पत्र की घोषणाएं अटल हैं, सारी घोषणाएं समय पर पूरा करेंगे। जनता ने विश्वास व्यक्त करते आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, चुनाव संचालक केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में घायल महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत डूमरपानी निवासी 55 वर्षीय कुंती पटेल का सड़क दुर्घटना में 17 फरवरी को मौत हो गई। डूमरपानी निवासी 35 वर्षीय मनबोध पटेल ने पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच के आदेश

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम-जुंगड़ा-भोमरा-पालनार के मध्य जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश दिया है। जारी आदेश के अनुसार कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत 02 फरवरी को ग्राम जुंगड़ा-भोमरा-पालनार के जंगल पहाड़ी में पुलिस एवं माओवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक अज्ञात माओवादी की मृत्यु हो गई थी। इसकी दण्डाधिकारी जांच किये जाने बाबत पुलिस अधीक्षक की मांग अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर एएस पैकरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को दण्डाधिकारी जांच के उपरांत निर्धारित 11 बिन्दुओं में प्रतिवेदन तैयार कर 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

### सिंगनपुर में 22 को होगी राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर में मेला मड़ई के अवसर पर 22 फरवरी को राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 7051 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5051 रुपए और तृतीय पुरस्कार 3051 रुपए, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5051 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3051 रुपए और तृतीय पुरस्कार 2051 रुपए, एकल नृत्य में भी प्रथम पुरस्कार 3051 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2051 रुपए और तृतीय पुरस्कार 1051 रुपए रखा गया है।

### नवर्निवाचित प्रत्याशियों ने विकास का किया वादा

**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर से संदीप कुंजाम, अमोड़ा से हजारो बाई गोटा, रिसेवाड़ा से हिरा कुंजाम, उमरादाह से प्रशांत भास्कर, किशनपुरी से शिव कुमार उईके, आंखीहर्रा से हरदेव कुंजाम, चरभट्टी से सुरेंद्र कर्राम, कुरना से छबीला कुंजाम, ढेकुना से कंचन सलाम, जुनवानी से ईश्वरी कोर्राम, नवडबरी से मनिषा मंडावी और जनपद प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 01 से यमुना सिंहा, क्षेत्र क्रमांक 06 से कांती पटेल तथा क्षेत्र क्रमांक 10 से पुष्पा ठाकुर विजयी रहें।

### मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी

**नारायणपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण में 17 फरवरी को नारायणपुर विकासखंड में 103 मतदान दलों के द्वारा मतदान संपन्न कराकर सकुशल वापसी हुई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं ने स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराकर मतदान दलों का सकुशल वापसी होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नारायणपुर जनपद पंचायत अंतर्गत 60 हजार 94 मतदाता हैं, जिनमें 31,716 महिला, 28,376 पुरुष और 2 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं, जिसमें से 72.54 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनपद पंचायत नारायणपुर में सकुशल मतदान कराने हेतु 17 सेक्टर अधिकारियों सहित सभी मतदान केंद्रों पर 1 पीठासीन अधिकारी और 4 मतदान अधिकारियों की ड्यटी लगाई गई थी।

**समयसीमा की बैठक : योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई**

# प्रशासन की प्राथमिकता जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करना : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज >>| कोण्डागांव



कोण्डागांव जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

**किसानों के लिए एग्रीस्टेक परियोजना पर जोर** – बैठक में एग्रीस्टेक परियोजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी किसानों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और त्वरित लाभ मिलेगा। साथ ही नियद नेल्लानार योजना के तहत पोर्टल में डेटा एंट्री कार्य में भी तेजी लाने के आदेश दिए।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल देगी सहकार से समृद्धि योजना** – सहकार से समृद्धि योजना के तहत सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक समितियों के निर्माण को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण क्षेत्रें में आय बढ़ाने और आर्थिक मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएंगी।

**नशा मुक्ति भारत अभियान को मिलेगा विस्तार** – जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को सभी विकासखण्डों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

**लंबित जनदर्शन आवेदनों पर विशेष निर्देश** – बैठक में जनदर्शन आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**बैठक में प्रमुख अधिकारी रहे मौजूद** – बैठक में डीएफओ गुरूनाथन एन.आर.के. जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम डी.आर. ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिलाई, इलेक्ट्रीशियन व मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का समापन



हरिभूमि न्यूज >>| अंतागढ़

विकासखण्ड अंतागढ के अंतर्गत 18 फरवरी को सीओबी तुमापाल में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण औऱ मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण कोर्स का समापन कार्यवाहक कमांडेंट कि उपस्थिति में किया गया। समापन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, स्कूल बच्चों, केवटी व आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ की परम्परागत नृत्य व गायन एवं एसएसबी कार्मिकों द्वारा बिहू, भाँगड़ा इत्यादि विभिन्न मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही श्वान दस्ता के द्वारा विभिन्न ड्रिल को दिखाया गया। स्थानीय महिलाओं द्वारा तिलक लगाकर होली की भी प्रस्तुति दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन, ड्राइविंग कोर्स का प्रमाणपत्र, सोलर लैंप तथा इलेक्ट्रिकल टूल्स इत्यादि वितरित किए गए और साथ ही सभी को जलपान करवाया गया। स्थानीय नागरिकों के लिए निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर तथा पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका स्थानीय नागरिकों ने लाभ लिया। कार्यवाहक कमांडन्ट महेन्दर कुमार ठाकुर द्वारा अवगत कराया गया कि सशस्त्र सीमा बल यहाँ आपकी सेवा औऱ सुरक्षा के लिए स्थापित है। एसएसबी हमेशा आपके प्रत्येक समस्या में आपके साथ खड़ी रहेगी। लाभार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एसएसबी के इस प्रकार के आयोजन की काफ़ी सराहना की गई।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, गणमान्य व्यक्ति, ताड़ोकी स्टेशन मास्टर, आईटीआई भानुप्रतापपुर के प्रधानाचार्य इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों के लिए किया प्रचार



**अंतागढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के लिए अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार किया जा रहा है। जिसके तहत 18 फरवरी को हरिहरपुर, परतापुर, उदनपुर, मनेगांव, बदरंगी और कोतुल जाकर वार्ड पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य का प्रचार किया गया। विधायक के द्वारा कहा गया राज्य और केंद्र में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो रहा है, इसलिए इस बार वार्ड पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक भाजपा समर्थित प्रत्याशी ही जीतेंगे और सब मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। जनता से भाजपा समर्थित प्रतियासियों को जिताने की अपील की गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य उम्मीद्वार कामिनी उसेंडी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लच्छू गावड़े, दिनेश आचले, हरीश उसेंडी, रिंकू सहारे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 241 मतों से जीत दर्ज कर दीपिका बनीं सरोना सरपंच



**सरोना।** विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत सरोना में सरपंच पद के लिए 4 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे, जिसमें मुख्य मुकाबला सुरेखा नेताम एवं दीपिका वटटी के बीच था। जिसमें दीपिका वटटी ने 241 मतों किया से जीत दर्ज। जीत का ऐलान होते ही समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की एवं डीजे की धुन में विजय रैली नवनिर्वाचित सरपंच पंचों व समर्थकों द्वारा निकाला गया। नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, अनिल गजपाल, मुकेश रजक, दिनेश सहारे, राजेंद्र कश्यप, वेद रामटेके, चमेली गोलछा सहित पचों का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच दीपिका वटटी ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं पुरी सरोना गांव की है। उन्होंने कहा कि गांव की जनता ने एक गरीब किसान की बेटी एवं बहु पर जो विश्वास किया है उसका परिणाम है। गांव में जो भी समस्या होगा उसे पूरा गांव वालों के साथ मिलकर समाधान करेंगे एवं सरोना का पहचान एक आदर्श ग्राम से हो।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः मतदान दल को सामाग्री का वितरण आज




**दुर्गुकोंदल।** नगरीय निकाय चुनाव के पश्चात 20 फरवरी को होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए तहसील दुर्गुकोंदल के अंतर्गत आने वाले 44 ग्राम पंचायत के 863 पंच, 44 सरपंच, 11 जनपद सदस्यों व 2 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है। पंचायत चुनाव 2025 के लिए जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल को वितरण संग्रहण केंद्र व स्ट्रांग रूम बनाया है। बुधवार को सुबह 6 बजे से 100 मतदान दल व रिजर्व दल के अधिकारी कर्मचारी को संग्रहण वितरण केंद्र जनपद पंचायत दुर्गुकोदल से मतदान केंद्रों की ओर रवाना होगा। मतदान केंद्रों तक सुरक्षा के साथ पहुंचाने रूट चार्ट बनाया गया है व रूट प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 12 सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## तेज रफ्तार वाहन ने महिला को मारी टक्कर, आरोपी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध




हरिभूमि न्यूज >>| कांकेर

चारामा थानांतर्गत जैसाकर्रा के पेट्रोल पंप के पास 24 दिसंबर कि शाम करीबन 6 बजे हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिका मीना बाई साहू अपनी बेटी टिकेश्वरी साहू, पोता 5 वर्षिय लक्ष्य साहू, पोती कुसुमलता साहू एवं स्कूल के स्टाफ के साथ दंतेवाडा से वापस आते समय वाहन में डीजल भरवाने के लिए जैसाकर्रा पेट्रोल पंप के पास रूके थे। सभी लोग रोड के दुसरी तरफ रोड को पार करके चाय कैफे में चाय पीने गए थे। चाय पीकर वापस पेट्रोल पंप कि तरफ आते समय धमतरी की ओर आ रही चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 एम 3929 का चालक अपने वाहन को तेज, लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक चलाकर मीना बाई साहू और लक्ष्य साहू जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर चोट लगने पर दोनो को ईलाज के लिए चारामा सरकारी अस्पताल लेकर गए। उपस्थित चिकित्सको ने मीना बाई साहू को मृत घोषित किया और लक्ष्य साहू को गंभीर चोट आने की वजह से बाहर रिफर किया गया। पुलिस ने आरोपी वाहन सीजी 07 एम 3929 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आईएएस ने किया पुरस्कृत

**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि दमकसा में वार्षिक पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्रों के प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता जैसे रंगोली, महेंदी सजाओ प्रतियोगिता तथा पोस्टर बैनर ड्राईंग पेंटिग निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्कूल के छात्र छात्राओं को विभिन्न चार सदन में विभाजित कर अन्तर विद्यालयीन कीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस वार्षिक उत्सव के अवसर पर एकल नृत्य, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गान, युगल गान, सामूहिक गान, एकल अभिनय, आदि विधाओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसका परिणाम वार्षिक पुरस्कार वितरण के रूप में पुरस्कृत कर किया जाता है। इसके अन्तर्गत पिछले बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र/छात्रों को प्रति छात्र 10000 रुपए नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर आईएएस अधिकारी एव संभाग आयुक्त सरगुजा नरेन्द्र दुग्गा एवं कीर्तिबाला दुग्गा द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कुमुद ध्रुव प्राचार्य शाउमावि दमकसा एवं समस्त स्टाफ ने किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिका एव छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## घोड़ाबत्ता के मेला स्थल से बाइक की हुई चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज >>| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम घोड़ाबत्तर के मेला के पास से खड़ी मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। चोरी हुई मोटर सायकल की कीमत 40 हजार रूपएं है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंवे घोड़ाबत्तर निवासी 26 वर्षीय वेद कुमार मंडावी पिता स्व. हरिश्चंद्र मंडावी ने पुलिस को बताया कि कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम बदरंगी निवासी प्रीतम भास्कर मेरे चाचा है और 10 फरवरी को माता पहुंचानी कार्यक्रम में हमारे गांव आए हुए थे।

मेरे चाचा अपनी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 2678 को मेरे पास छोड़कर चला गया था, जिसे मै चलाया करता था। हमारे गांव घोड़बत्तर का मेला 17 फरवरी को था, जिसमें मै शाम लगभग 4 बजे मेला घूमने गया था और मोटर सायकल सीजी 19 बीएस 2678 बदरंगी निवासी लता बाई के नाम से पंजीकृत है। मै मोटर सायकल को शिव मंदिर के पास खड़ा करके हैण्डल लॉक कर दिया था। मेला घूमने के बाद शाम करीबन साढ़े 7 बजें घर जाने के लिए मोटर सायकल के पास गया, तो वहाँ पर मोटर सायकल नही था।

आसपास में मौजूद लोगो से मोटर सायकल के संबंध में पूछताछ किया, लेकिन कोई पता नही चला। मेरी मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। मोटर सायकल कीमत लगभग 40 हजार रूपएं है।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## तारसगांव के समीप हादसा, चालक पर अपराध पंजीबद्ध

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 तारसगांव के पास 14 फरवरी को सुबह 4 बजे दो वाहन के बीच हुई भीषण टक्कर में स्कार्पियों में बैठे सुकमा जिला के गुड़रा निवासी 57 वर्षीय प्रेमलाल मरकाम पिता सुखऊ राम मरकाम की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक एपी 39 टीवाय 4689 के चालक कृष्ण चैतन्य निवासी काकीनाडा समभूथीय नगर पुलिस स्टेशन टाऊन 03 आंध्रपदेश के द्वारा वाहन को अत्यंत्र तेजगती से एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 बीएस 7516 को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में बैठे प्रेमलाल मरकाम के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**50 वर्ष बाद पालिका में भाजपा का कब्जा**

# नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद शपथ ग्रहण से पहले ही जनता की समस्याओं से हुए रुबरु अरुण

हरिभूमि न्यूज >>| कांकेर



कांकेर नगर पालिका बनने के बाद 50 से अधिक वर्षो के पश्चात कांकेर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी ने कब्जा जमाया है। अध्यक्ष पद पर भाजपा के अरुण कौशिक सहित नगरपालिका के 21 में से 11 वार्डो पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद चुनकर आए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद अरुण कौशिक शपथ ग्रहण से पहले ही शहर की समस्या को लेकर एक्शन मोड में दिख रहे हैं।

शहर में 18 फरवरी की सुबह शपथ ग्रहण से पहले ही अरुण कौशिक आम जनता तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शहर व जनता की समस्याओ से रूबरू हुए। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक सर्वप्रथम शहर के एकमात्र खेल मैदान नरहरदेव पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों से बात करते उनकी समस्या के बारे में जाना वह जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया। उसके बाद वे शहर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए मस्जिद काम्प्लेक्स के सामने मुख्य मार्ग स्थित नाली से कचरा साफ करवाया। इसके बाद नया बस स्टैंड पहुंच लोगों की समस्याएं जानी वह शहर की साफ सफाई, समस्याओं को शपथ ग्रहण के पश्चात युद्ध स्तर पर हल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 50 वर्षों से अधिक समय के बाद नगर पालिका की सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ आई हैं। हम कांकेर शहर की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि उन्होंने शहर के विकास के लिए हम पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरेंगे और शपथ ग्रहण के पश्चात शहर व शहर वासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ क्रमबद्ध तरीके से हल करने का कार्य करेंगे। प्रदेश में हमारी सरकार होने के कारण शहर के विकास में किसी भी प्रकार की न तो कमी करेंगे और न ही कोताही बरतेंगे।

